नव भारत

## एक नजर में



### जल जीवन मिशन से लाखों घरों में बदलाव

**नयी दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को जल जीवन मिशन के छह वर्ष पूरे होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि इससे लाखों घरों में परिवर्तनकारी बदलाव आया है. प्रधानमंत्री ने गुरुवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इस पहल से व्यक्तिगत घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल तक पहुंच सुनिश्चित हुई है जिससे लाखों घरों में परिवर्तनकारी बदलाव आया है. वर्ष 2019 में शुरू किया गया जल जीवन मिशन कुछ ही वर्षों में 15 करोड़ से अधिक घरों में स्वच्छ पेयजल पहुंचाकर सरकार की प्रतिबद्धता का आधार बना है, जिससे स्वास्थ्य में सुधार हुआ, समुदाय सशक्त बने और अनगिनत सपने साकार हुए हैं. प्रधानमंत्री ने कहा कि इस योजना से न केवल ग्रामीण भारत में जीवन स्तर में सुधार हुआ है.

### मुठभेड़ में 35 लाख के दो माओवादी ढेर

**रायपुर.** छत्तीसगढ़ के कांकेर-बस्तर सीमा से लगेमोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के मंडा पहाड़ पर हुई मुठभेड़ में आरकेबी डिवीजन की सेंट्रल कमेटी के सचिव विजय रेड्डी (इनाम 25 लाख) और डिविजनल कमेटी मेंबर लोकेश सलामे (इनाम 10 लाख) मारे गए. पुलिस के अनुसार, मंडा पहाड़ पर बुधवार दोपहर भारी बारिश के बीच डीआरजी और आईटीबीपी जवानों की माओवादियों से मुठभेड़ हुई जो शाम तक जारी रही. गोलीबारी रुकने के बाद दोनों शव बरामद हुए. विजय फंडिंग और रणनीति बनाने में अहम भूमिका निभाता था जबकि लोकेश के आत्मसमर्पण के प्रयास दो साल से चल रहे थे.

### शुभकामनाएं

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की सभी सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं और शुभेच्छुओं को हार्दिक शुभकामनाएं.

**संपादक**

### अवकाश

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में नवभारत कार्यालय में अवकाश रहेगा. अत: अगला अंक 17 अगस्त को आपके हाथों में होगा.

**महाप्रबंधक**

### गुस्ताखी माफ




# बादल फटने से 52 की मौत

**120** से अधिक लोगों के घायल होने की आशंका | **2.5** लाख श्रद्धालु मंदिर के कर चुके दर्शन | **300** सड़कें हिमाचल की हो गईं बंद

**जम्मू, 14 अगस्त. जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के सुदूरवर्ती चोसिटी गांव में गुरुवार को बादल फटने से मचैल माता यात्रा मार्ग पर भीषण तबाही मच गई. घटना में 52 लोगों की मौत और 120 से अधिक लोगों के घायल होने की आशंका है. जबकि दर्जनों लोग लापता हैं. अचानक आई बाढ़ में कई यात्री और स्थानीय लोग फंस गए, जिनके बचाव के लिए एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, पुलिस, सेना और स्थानीय लोग मिलकर रेस्क्यू अभियान चला रहे हैं.**

चोसिटी गांव मचैल माता यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव है, जहां इस समय बड़े पैमाने पर टेंट और बेस कैंप लगे थे. इस साल अब तक ढाई लाख श्रद्धालु मंदिर के दर्शन कर चुके हैं, जिससे हताहतों की संख्या बढ़ने की आशंका है. हादसे के बाद यात्रा को तत्काल स्थगित कर दिया गया है. सूत्रों के अनुसार किश्तवाड़ बादल फटने की घटना में सीआईएसएफ के एक जवान का शव बरामद हुआ है, जबकि तीन अन्य लापता हैं. ये सभी मंदिर में अस्थायी आंतरिक सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात थे.

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री से बातचीत कर राहत-बचाव कार्यों की जानकारी ली और आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार हर संभव मदद प्रदान करेगी. उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ की टीमें तुरंत मौके पर पहुंच चुकी हैं और हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है. सूत्रों के अनुसार चिशोती में बादल फटने की घटना में सैकड़ों श्रद्धालु फंसे हैं. जिनको सेनाओं के सहयोग से बचाने का काम किया जा रहा है. प्रशासन का कहना है कि फिलहाल प्राथमिकता फंसे लोगों को सुरक्षित निकालना और घायलों का इलाज है.



**2025 में बादल फटने की अन्य घटनाएं**

- **20 अप्रैल** : रामवन - 5 की मौत
- **27 मई** : कुपवाड़ा - कोई मौत नहीं
- **7-8 जुलाई** : पुँछ - 1 की मौत
- **5 अगस्त** : 5 की मौत

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर कहा मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने और बाढ़ से प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं. स्थिति पर कड़ी नज़र रखी जा रही है. बचाव और राहत कार्य जारी है. ज़रूरतमंदों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी.


> राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स पर कहा कि जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने की घटना में कई लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दु:खद है. मैं शोकाकुल परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूं और राहत तथा बचाव कार्य में सफलता की कामना करती हूं.

**हिमाचल के तीनों जिलों में भी बादल फटे**

हिमाचल प्रदेश में बारिश ने फिर तबाही मचाई है, शिमला और लाहौल स्पीति में बादल फटने से कई पुल बह गए और 300 से ज़्यादा सड़कें बंद हो गईं. गानवी घाटी में बाढ़ से पुलिस चौकी बही, जबकि शिमला में बस स्टैंड क्षतिग्रस्त हुआ.

## स्वतंत्रता दिवस पर पांच तटरक्षक कर्मियों को तटरक्षक पदक

**नयी दिल्ली, 14 अगस्त.** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर पांच भारतीय तटरक्षक कर्मियों को तटरक्षक पदक प्रदान करने की स्वीकृति दी है. ये पदक उनकी विशिष्ट वीरता, असाधारण कर्तव्यनिष्ठा और सराहनीय सेवा के सम्मान में दिए जाएँगे. कमांडेंट श्रीनिवास गादम , कमांडेंट (संयुक्त) अंकित शर्मा और कमांडेंट (संयुक्त) राजकमल अत्री को तटरक्षक पदक (वीरता) पदक से सम्मानित किया जायेगा.




भारत की स्वतंत्रता की 79वीं वर्षगांठ का जश्न !

# पीसीआर नई तकनीक से लैस

**सीएम डॉ. यादव ने डायल-112 सेवा का शुभारंभ किया**

**जिलों को भेजे जाने वाले वाहनों को दिखाई झंडी**



**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 14 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि समाज की व्यवस्थाओं में पुलिस की अहम भूमिका है. डायल 112 के शुभारंभ के लिए मप्र पुलिस बधाई की पात्र है। डायल 112 पुलिस की तत्परता बढ़ाने की नई पहल है यह आपातकालीन नंबर सुरक्षित समाज के ईको सिस्टम का आधार बनेगा.**

यह नंबर प्रदेशवासियों के लिए पुलिस की ओर से त्वरित प्रतिक्रिया का वादा और सहायता की जिम्मेदारी सिद्ध होगा. आज मिनिमम गवर्मेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस का दौर है, जिसमें डायल 112, वन नंबर फॉर ऑल सर्विसेज की महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह विचार डायल-112 सेवा के शुभारंभ के लिए कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रिमोट का बटन दबाकर डॉयल 112 वाहन का लोकार्पण किया और जिलों में भेजे जाने वाले वाहनों को झंडी दिखाई. इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस कंट्रोल रूम नई तकनीक से लैस हुए हैं. एफआरवी (फास्ट रिस्पांस व्हीकल) वाहनों को अत्याधुनिक उपकरणों से लैस किया गया है. मप्र के डायल 100 के मॉडल को उत्तर प्रदेश सहित दूसरे राज्यों ने अपनाया. डायल 100 ने अपनी सजगता और दक्षता से प्रदेश में 2 लाख 23 हजार बुजुर्ग, 19 लाख से अधिक महिलाओं, 1300 नवजातों की सुरक्षा और 23 हजार गुमशुदा बच्चों को परिवार से मिलाया है.

# 'ऑपरेशन सिंदूर' फौलादी संकल्प : मुर्मु

**नई दिल्ली, 14 अगस्त. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 79वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग, भ्रष्टाचार उन्मूलन और देश के सर्वांगीण विकास का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि हर नागरिक को स्वास्थ्य और शिक्षा की समान सुविधा मिलनी चाहिए.**

राष्ट्रपति ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को आतंकवाद के विरुद्ध भारत के फौलादी संकल्प और मानवता के संघर्ष की मिसाल बताया. उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई संदेश देती है कि भारत आक्रमणकारी नहीं, पर नागरिकों की सुरक्षा में कोई संकोच नहीं करेगा. उन्होंने इसे 'आत्मनिर्भर भारत' के रक्षा क्षेत्र की बड़ी उपलब्धि करार दिया.



**स्वदेशी अपनाएं, भ्रष्टाचार खत्म करें**

**स्वास्थ्य और शिक्षा हो सुनिश्चित**

मुर्मु ने आर्थिक प्रगति को रेखांकित करते हुए कहा कि 6.5 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि दर के साथ भारत वैश्विक स्तर पर सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है. महंगाई नियंत्रण में है, निर्यात बढ़ रहा है और अवसंरचना में तेज़ सुधार हो रहे हैं. उन्होंने कहा कि सुशासन और कल्याणकारी योजनाओं से लाखों लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं और क्षेत्रीय असमानताएं घट रही हैं. स्वदेशी पर जोर देते हुए उन्होंने 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' को आगे बढ़ाने की अपील की. भ्रष्टाचार पर गांधीजी के सिद्धांत को याद कर उन्होंने 'शून्य सहनशीलता' की नीति अपनाने का संकल्प लेने को कहा. राष्ट्रपति ने युवाओं, महिलाओं और हाशिये पर रहे समुदायों को प्रगति का आधार बताया. उन्होंने अंतरिक्ष, खेल और विज्ञान में युवाओं की उपलब्धियों का उल्लेख किया और भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दोहराया.

# 127 रणबांकुरों को वीरता पुरस्कार

**04** जवानों को कीर्ति चक्र | **15** जवानों को वीर चक्र | **16** जवानों को शौर्य चक्र | **40** को उल्लेखनीय सेवा के लिए विशिष्ट सेवा पुरस्कार

**नयी दिल्ली 14 अगस्त. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को सशस्त्र बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के 127 रणबांकुरों को बहादुरी के लिए वीरता पुरस्कार और 40 को उल्लेखनीय सेवा के लिए विशिष्ट सेवा पुरस्कार देने की घोषणा की है.**

वीरता पुरस्कारों में चार को कीर्ति चक्र, 15 को वीर चक्र और 16 को शौर्य चक्र से सम्मानित करने को मंजूरी दी गयी. वीर चक्र पाने वाले रणबांकुरों में वायु सेना के वे नौ जांबाज पायलट भी शामिल हैं जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया था. इस ऑपरेशन में भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान के छह लड़ाकू विमान भी गिराये थे. वायु सेना के जांबाजों की जोरदार कार्रवाई के बाद पाकिस्तान घुटने टेकने के लिए मजबूर हो गया था.

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वायु सेना के महानिदेशक संचालन एयर मार्शल अवधेश भारती और वायु सेना के उप प्रमुख नर्मदश्वर तिवारी सहित तीनों सेनाओं के सात वरिष्ठ अधिकारियों को सर्वोत्त्म युद्ध सेवा पदक से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है.

**सुप्रीम फरमान** चुनाव आयोग बिहार मतदाता सूची से हटाए 65 लाख नाम कारणों के साथ प्रकाशित करें

# वोटरों का नाम हटाने की वजह बताए ईसी

**नयी दिल्ली, 14 अगस्त. उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वह बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची से हटाए गए लगभग 65 लाख मतदाताओं की जिलावार सूची 21 अगस्त तक संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारियों की वेबसाइटों पर प्रकाशित कर दे. इस मामले में अगली सुनवाई 22 अगस्त को करेगी.**



न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने इस विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर लगातार तीन दिनों तक संबंधित पक्षों की दलीलें विस्तार पूर्वक सुनने के बाद इस संबंध में आदेश पारित किया.

पीठ ने आयोग से कहा कि वह मसौदा सूची से नाम हटाने के कारणों का भी खुलासा करें. यह स्पष्ट करे कि आखिर मृत्यु, दूसरी जगह स्थायी निवास, दोहरी पंजीकरण के कारण मसौदा सूची में उनके नाम दर्ज नहीं किए गए.

**क्रीमी लेयर की मांग पर केंद्र को नोटिस**

> सुप्रीम कोर्ट ने सरकारी नौकरियों और शैक्षिक संस्थानों में एससी/एसटी आरक्षण के तहत आय आधारित 'क्रीमी लेयर' प्रणाली लागू करने की मांग वाली जनहित याचिका पर केंद्र सरकार और अन्य संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया है. न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की खंडपीठ ने रमा शंकर प्रजापति और यमुना प्रसाद द्वारा दायर याचिका पर विचार करते हुए सरकार से अपना पक्ष रखने को कहा. इस मामले की अगली सुनवाई 10 अक्टूबर को होगी.

